मुख्यमंत्री संदर्भ/तत्काल

संख्या-74/976/84-डे0ई0-13-नि0-24/2012

प्रेषक,

धर्म चन्द्र पाण्डेय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
उ0प्र0 राज्य कर्मचारी कल्याण निगम,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बॉट माप डे0ई0 लखनऊ :: दिनांक 27 नवम्बर,2013

विषय:- श्री चन्द्र प्रकाश वर्मा, मण्डलीय प्रबन्धक, राज्य कर्मचारी कल्याण निगम, लखनऊ मण्डल लखनऊ पर लगाये गये भ्रष्टाचार संबंधी आरोपों की जाँच के संबंध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-276स्था0एस0/बत्तीस-2013, दिनांक 07-11-2013 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री चन्द्र प्रकाश वर्मा, मण्डलीय प्रबन्धक द्वारा निगम की धनराशि रू0 83,500/- का व्यवपहरण किये जाने पर निगम के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 06-06-2003 में श्री वर्मा से वसूली किये जाने के विरूद्ध मा0 लोक सेवा न्यायाधिकरण लखनऊ में योजित किये गये वाद संख्या-550/2003 में दिनांक 22-11-2013 को हुई सुनवाई के उपरान्त मा0 अधिकरण द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में निगम द्वारा की गयी कार्यवाही के अद्यतन स्थिति की सूचना शासन को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि प्रकरण की वस्तु-स्थिति से मा0 मुख्यमंत्री जी को अवगत कराते हुए प्रश्नगत संदर्भ को कम्प्यूटर सूची से विलोपित कराया जा सके ।

भवदीय,

(धर्म चन्द्र पाण्डेय)
अनु सचिव ।

http://shasanadesh.up.nic.in/